# CBSE Test Paper 03

## अपठित गद्यांश

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

   पश्चिमी दृष्टिकोण वाले लोग सह-शिक्षा के प्रबल समर्थक हैं। पश्चिमी शिक्षाशास्त्रियों का कहना है, 'ठीक है, हम मानते हैं कि छात्र-छात्राओं में यौन आकर्षण होता है, किन्तु वह कोई बुरी बात नहीं। वह तो एक महान शक्ति है, जिसका सदुपयोग कर छात्र-छात्राओं में स्पर्धा उत्पन्न करके शिक्षा के श्रेष्ठतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। विशेषकर इसलिए कि विद्यार्थी जीवन में स्पर्धा भावना उग्र होती है। इसी का उपयोग करके हम परीक्षा प्रतियोगिता, भाषा-प्रतियोगिता, खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं। निस्संदेह प्रतियोगिता के जोश में विद्यार्थी जितनी शानदार सफलताएँ प्राप्त करते हैं, साधारण स्थिति में उससे बहुत कम ही प्राप्त करते हैं। कई बार लड़के लड़कियों के लिए तथा लड़कियाँ लड़कों के लिए अधिक सहायक व लाभकारी सिद्ध होती हैं। इस दृष्टि से भी सहशिक्षा लाभकारी है। लड़के और लड़कियों के हृदय में कभी कभी नकारात्मक भावनाएँ भी होती हैं, जो स्वस्थ समाज के लिए हानिकारक हो सकती है। सहशिक्षा से इससे बचा जा सकता है।

   i. सहशिक्षा का समर्थन कौन करते हैं?
   ii. शिक्षा के बेहतर परिणाम कैसे प्राप्त किये जा सकते है?
   iii. विद्यार्थी सफलताएँ कब प्राप्त करते हैं?
   iv. स्वस्थ समाज के लिए हानिकारक क्या हो सकता है?
   v. 'सहशिक्षा' का क्या अर्थ है?

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

   भरपेट मांस वही शेर खा सकता हैं जो अपने हाथ पाँव हिलाता है, घर से बाहर निकलता है दौड़ धूप करता है और कभी कभी बलवान हाथियों से भी लोहा लेने के लिए तैयार रहता है। इस दौड़ धूप का नाम ही परिश्रम है। इसी को उद्यम कहते हैं। पुरुषार्थ भी इसी का पर्यायवाची है। परिश्रम के साथ साथ ईमानदारी का होना भी आवश्यक है। सदा सोच समझकर उचित स्थान पर परिश्रम करना चाहिए तभी वह परिश्रम सफल हो सकता है वरना उसका परिणाम निष्फल हो जाएगा। जीवन में परिश्रम से ही सफलता मिलती है। मन में केवल इच्छा कर लेने से नहीं मेहनत बड़े पुरुष या व्यक्ति बनने की निशानी है। इसीलिए विद्यार्थियो ! यदि तुम भी जीवन में कुछ करतब कर दिखाना चाहते हो तो परिश्रम रूपी लाठी का सहारा लो।

   i. भर पेट मांस खाने के लिए शेर को क्या-क्या करना पड़ता है?
   ii. परिश्रम का ही दूसरा नाम क्या है?
   iii. परिश्रम कब सफल होता है?
   iv. 'ईमानदारी' और 'सफलता' में मूलशब्द व प्रत्यय को अलग-अलग कीजिए।
   v. विद्यार्थियों के लिए क्या आवश्यक है?

# CBSE Test Paper 03
## अपठित गद्यांश

---

## Answer

1. 
   i. पश्चिमी विचारधारा के लोग सह-शिक्षा का समर्थन करते हैं।
   ii. छात्र-छात्राओं में स्पर्धा उत्पन्न करके शिक्षा के बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।
   iii. प्रतियोगिता के जोश में विद्यार्थी शानदार सफलताएँ प्राप्त करते हैं।
   iv. लड़के-लड़कियों के हृदय में कभी-कभी नकारात्मक भावनाएँ भी होती हैं, जो स्वस्थ समाज के लिए हानिकारक हो सकती हैं।
   v. लड़के-लड़कियों का साथ-साथ पढ़ना।
2. 
   i. भरपेट मांस खाने के लिए शेर को घर से बाहर निकलकर दौड़-धूप करनी पड़ती है। कभी-कभी बलवान हाथियों से भी लोहा लेना पड़ता है।
   ii. उद्यम
   iii. सोच समझकर, उचित स्थान पर किया गया परिश्रम ही सफल होता है।
   iv. ईमान + दारी, सफल + ता।
   v. जीवन में कुछ करतब दिखाने के लिए परिश्रम रूपी लाठी का सहारा लेना चाहिए।